web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 02

## कश्मीर पर ट्रंप ने फिर की मध्यस्थता की पेशकश

**न्यूयॉर्क/** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के नेताओं के साथ कश्मीर पर चर्चा की है और उन्हें मध्यस्थता की पेशकश की है और उनसे आग्रह किया है कि इस मामले को बस सुलझा लें और खत्म करें। ट्रंप ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत संबंध बनाने और निष्पक्ष द्विपक्षीय व्यापार पर पाकिस्तान और भारत के नेताओं के साथ तथा कई अन्य देशों के नेताओं के साथ उनकी बहुत फलदायी बातचीत हुई है।



ट्रंप ने कहा, पाकिस्तान और भारत के संबंध में हमने कश्मीर के बारे में बात की और मैं जो भी मदद कर सकता हूं, उसकी मैंने पेशकश की, और वह मदद मध्यस्थता है। मैं जो कर सकता हूं वह करूंगा, क्योंकि वे बहुत गंभीर मोड़ पर हैं, और आशा है वे बेहतर स्थिति में हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, यदि आप दोनों सज्जनों की तरफ देखें, तो वे दोनों मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं। मैंने मित्रों से कहा कि इसे बस सुलझा लें, क्योंकि वे दो परमाणु शक्तियां हैं।

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से अलग पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ सोमवार को द्विपक्षीय बातचीत की थी और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंगलवार को बातचीत की थी।

उन्होंने मोदी के साथ ह्यूस्टन में रविवार को हाउदी मोदी समारोह में भी मंच साझा किया था।

## कश्मीर मुद्दाः ओआईसी ने भारत से फैसला वापस लेने को कहा

**इस्लामाबाद।** इस्लामिक देशों के संगठन (ओआईसी) ने बुधवार को भारत से जम्मू एवं कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के निर्णय को वापस लेने और वहां ओआईसी तथा संयुक्त राष्ट्र जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रवेश को मंजूरी देने के लिए कहा जिससे वहां संगठित और व्यवस्थित मानवाधिकार उल्लंघनों की रिपोर्ट्स की स्वतंत्र जांच हो सके। ओआईसी में 57 देश शामिल हैं। ओआईसी द्वारा यह बयान न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र से इतर कश्मीर पर ओआईसी कॉन्टैक्स ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किया गया।

## मोदी ने यूएनएससी सदस्यता समर्थन के लिए अर्मेनिया के प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया



**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें अधिवेशन से इतर बुधवार को अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशियान से मुलाकात की और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का लगातार समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। बुधवार को अपनी मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और अपने स्थिर विकास पर संतोष व्यक्त किया।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत और अर्मेनिया के बीच सदियों से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुए दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के बीच विद्यमान सद्भावना को द्विपक्षीय सहयोग के लिए ठोस आधार बताया।

मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए अर्मेनिया के आईटी, कृषि प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल, टूरिज्म और अन्य सेक्टरों में अवसरों की खोज में भारतीय कंपनियों की रुचि का उल्लेख किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पूर्व केंद्रीय मंत्री हंसराज अहीर का काफिला हादसे का शिकार

**» सीआरपीएफ जवान समेत 2 की मौत**

**नागपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के नेता हंसराज अहीर के काफिले में शामिल वाहन गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गया है. इस हादसे में सीआरपीएफ का एक जवान और गाड़ी चला रहे महाराष्ट्र पुलिस के जवान की मौत हो गई. यह हादसा चंद्रपुर-नागपुर रोड पर हुआ. इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री के सुरक्षा दस्ते में शामिल वाहन के परखच्चे उड़ गए. जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ट्रक ने सिक्योरिटी कॉनवॉय में शामिल वाहन में जोरदार टक्कर मार दी.

### प्रॉपर्टी डीलर का हत्यारा शार्प शूटर गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को दिन-दहाड़े एक प्रॉपर्टी डीलर नरेंद्र गहलौत (48) की हत्या करने वाले दो बदमाशों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की वजह पुरानी रंजिश है। हत्या की वारदात शाम करीब साढ़े चार बजे ओल्ड पालम विहार रोड, निकट द्वारका मोड़ पर हुई थी। वारदात को अंजाम तब दिया गया जब नरेंद्र गहलौत अपने दफ्तर के सामने अपनी कार में बैठे हुए थे। बदमाशों ने नरेंद्र पर छह गोलियां चलाई थी, जिसमें से तीन गोली उन्हें लगी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बदमाशों में एक शार्प शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### कटकी से पूछताछ के लिए कई एजेंसियां पहुँची

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** अलकायदा के आतंकी कलुमुद्दीन व कटकी से पूछताछ के लिऐ कई एजेंसियां शहर पहुँची। अब्दुल रहमान कटकी और उसके सम्पर्कों से पूछताछ के अहम सुराग मिले है। जाच अधिकारी अवध कुमार यादव ने बताया कि कटकी की अलकायदा से संपर्क की पुष्टि हुई है। दोनो निरन्तर मिलते थे। कटकी के आलावा अन्य लोगोँ से भी उसका सम्पर्क है। इससे भी प्रमाण मिल रहें है। गौर करने की बात है कि करीमुद्दिन को टाटानगर स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया था। उसे सी आर पी एफ केम्प में रखकर पूंछताछ की जा रही है। एजेंसीयों क़ा केंद्र बिंदु सफियना है। सूफियाना को पकिस्तान मे होने की बट बताई जा रही है।

### अलकायदा का टूट गया झारखण्ड मॉडल

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** अलकायदा इन इंडियन सब -कण्टिनेंट (एक्यू आई एस ) के झारखंड माड्यूल को दिल्ली स्पेशल सेल, जमशेदपुर पुलिस और बाद में ए टी ऐस नें तीन सालों मे तोड दिया। सही समय पर सूफियाना और उमर हैदराबादी क़ा पता चल गया। इन दोनो के मध्यम से ही पता चल गया। इन दोनो के माध्यम से ही अब्दुल रहमान कटकी झारखंड माडल तैयार किया था। इसके लिऐ कटकी नें न सिर्फ जमशेदपुर बल्कि लोहरदगा रांची, चानू , चतरा क़ा दौरा किया था। ए क्यू आई एस की 17 सदस्यों की कोर टीम बनाई थी। उसमें सामी और कलीम भी थे। पहले चरण की शुरुआत हो गई ठीक । रिक्रूटमेंट सेल सेल स्थापित कीया था। इसका काम जेहादी के तौर पर यूवाओ को संगठन से जोड़ना था।

### टाटा-हावड़ा के बीच चलेगी प्रायवेट ट्रेन

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** टाटा नगर से हावड़ा के लिये प्रायवेट ट्रेन चलेगी। रेलवे बोर्ड 27 सितम्बर से टाटा हावड़ा प्रायवेट इण्टर सीटी ट्रेन चलाने क़ा निर्णय लिया है। दिल्ली में रेलवे बॉर्ड के चेयरमेन सभी रेल ज़ीएम के साथ बैठक करने वाले है। 23 सितम्बर को रेलवे बोर्ड से जारी सौ दिवसीय योजना संबन्धी पत्र चक्रधरपुर मंडल में आय है। टाटा के आलावा पटना-हावड़ा व अन्य रेल मार्ग एक दर्जन प्रायवेट ट्रेन चलाने की योजन है। इसमे दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के लिऐ कई ट्रेनों की सूची बनी है ।

## बेंगलुरु के पूर्व पुलिस कमिश्नर के आवास पर सीबीआई की छापामारी

**» फोन टैपिंग मामला**




**बेंगलुरू (आरएनएस)।** बेंगलुरू के पूर्व पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार के घर और सरकारी आवास पर सीबीआई की टीम पहुंची है। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने यह छापेमारी फोन टैपिंग केस में की।

फिलहाल सीबीआई उनके घर और दफ्तर में मौजूद है और दस्तावेजों और सबूतों की तलाशी कर रही है। इस समय आलोक कुमार, कर्नाटक रिजर्व पुलिस के एडीजीपी पद पर तैनात हैं।

कर्नाटक के बीएस येदियुरप्पा सरकार के एक अनुरोध के बाद पिछले साल अगस्त में सीबीआई द्वारा एक एफआइआर दर्ज की गई थी। यह फोन टैपिंग विवाद तब सामने आया जब एक कथित फोन पर बातचीत को मीडिया में लीक कर दिया गया, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी का नाम था। कथित तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल और जद (एस) के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री एचडी रेवन्ना के नाम भी लीक फोन टेप में पाए गए थे।

बता दें कि कर्नाटक की पूर्व एचडी कुमारस्वामी सरकार पर कई विधायकों द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री और जेडीएस के नेता अपने सहयोगियों के फोन टैप कर रहे थे। यह फोन टैपिंग विवाद तब सामने आया जब एक कथित फोन पर उस बातचीत को मीडिया में लीक कर दिया गया, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी का नाम था।

## वाड्रा को हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहती है ईडी

**» हाईकोर्ट से की जमानत अर्जी खारिज करने की मांग**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा की जमानत याचिका खारिज करने की मांग की है. दिल्ली हाई कोर्ट में ईडी ने कहा है कि वो उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहती है. वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई चल रही है. इस मामले में अगली सुनवाई अब 5 नवंबर को होगी. बता दें कि वाड्रा और उनके सहयोगी मनोज अरोड़ा को ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल गई थी.



निचली अदालत ने वाड्रा को अग्रिम जमानत देते हुए निर्देश दिया था कि वो बिना इजाजत के देश से बाहर नहीं जाएंगे और जब भी जांच अधिकारी उन्हें बुलाएंगे, वह जांच में शामिल होंगे. ईडी ने अदालत से कहा है कि उसे वाड्रा को हिरासत में लेने की जरूरत है क्योंकि वो जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और निचली अदालत ने अपने आदेश में अपराध की गंभीरता को लेकर चर्चा नहीं की.

वाड्रा के वकील ने ईडी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि एजेंसी जब कभी उनके मुवक्किल को बुलाती है, वो उसके सामने पेश होते हैं और उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है. वकील ने यह भी कहा कि ईडी ने जो सवाल किए, उनके मुवक्किल ने उनका उत्तर दिया और उन पर लगाए गए आरोपों को ''स्वीकार नहीं करने'' का यह अर्थ नहीं है कि वह सहयोग नहीं कर रहे हैं. दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले पर अंतिम बहस के लिए पांच नवंबर की तारीख तय की.

वाड्रा लंदन के 12 ब्रायनस्टन स्क्वायर में करीब 17 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं. इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत की जा रही है.

## पाकिस्तान के नौसैनिक अभ्यास पर भारत सतर्क

**» अरब सागर में तैनात किए युद्धपोत**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान की तरफ से अरब सागर में किए जा रहे नौसैनिक अभ्यास पर भारत की कड़ी नजर है। बता दें कि अगले कुछ दिनों तक पाकिस्तान समुद्र में रॉकेट और मिसाइल फायरिंग के जरिए अपना युद्धाभ्यास जारी रखेगा। पाकिस्तान की तरफ से किए जा रहे इस अभ्यास पर भारत भी पूरी तरह से सतर्क है। साथ ही कुछ युद्धपोत, पनडुब्बियां और समुद्री सीमा की पट्रोलिंग करने वाले विमान के साथ-साथ कुछ युद्धक विमान को आगे की लाइन में तैनात कर रखे हैं। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के बाद से भारत और पाकिस्तान में तनातनी चल रही है। इस्लामाबाद कई बार परमाणु हमले की धमकी तक दे चुका है।



सुरक्षा संस्थानों के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तानी युद्धाभ्यास पर करीबी नजर रखी जा रही है। अगर पाकिस्तान कोई हिमाकत करता है तो भारत के सशस्त्र बल उन स्थितियों के लिए भी तैयार है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद से ही पाकिस्तान की सेना या वहां के आतंकी समूहों की ओर से हमले का खतरा बढ़ गया है। सूत्रों ने कहा, हालांकि, पाकिस्तान का यह युद्धाभ्यास सामान्य प्रक्रिया के तहत हो रहा है, लेकिन उसका इरादा कभी भी बदल सकता है।

पाकिस्तान ने उत्तरी अरब सागर से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों के लिए मेरिटाइम अलर्ट जारी कर कहा कि वह 25 से 29 सितंबर तक लाइव मिसाइल, रॉकेट और बंदूकों की फायरिंग करेगा। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान पाकिस्तान की हर हरकत पर भारत की नजर रहेगी। अगर उसने रुटीन से हटकर कुछ भी किया तो उसका मुहंतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारतीय नौसेना और वायुसेना ने इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है।

## दुनिया पर आतंकवाद का भयावह खतराः यूएन चीफ




**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी है कि दुनिया असहिष्णुता, हिंसा, अतिवाद और आतंकवाद के कारण एक 'अभूतपूर्व खतरे' का सामना कर रही है। इस खतरे से हर देश प्रभावित है और यह संघर्षों को बढ़ा रहा है तथा सभी क्षेत्रों को अस्थिर कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सुरक्षा परिषद की मंत्री स्तरीय बैठक में बुधवार को कहा कि उनका नया मोर्चा साइबर आतंकवाद है जिसमें सोशल मीडिया और डार्क वेब का इस्तेमाल हमलों में तालमेल करने, प्रचार करने और नए लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए किया जाता है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के भयावह खतरे का जवाब हमें सुरक्षा उपायों, रोकथाम के प्रयासों के साथ देना चाहिए जिसमें मूल कारण की पहचान की जाए और उसका समाधान निकाला जाए और इसके साथ ही मानवाधिकारों के सम्मान का भी ख्याल रखा जाए। इस महीने परिषद की अध्यक्षता रूस कर रहा है।

उसने यह बैठक आतंकवाद का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र तथा तीन संगठनों - शंघाई सहयोग संगठन, सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन तथा स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रमंडल (या रूसी राष्ट्रमंडल) के बीच सहयोग को लेकर की। अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने भी संरा महासचिव की बात दोहराई और आतंक विरोधी अभियानों में मानवाधिकारों के सम्मान के महत्व पर जोर दिया।

## ट्रम्प ने महाभियोग प्रक्रिया को बताया मजाक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके खिलाफ प्रतिनिधि सभा में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पेश किए गए आधार को ''मजाक'' करार दिया है।ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन को नुकसान पहुंचाने के लिए विदेशी ताकतों का इस्तेमाल कर अपने पद की शपथ का उल्लंघन किया। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा था, ''ट्रम्प के कार्यकाल की कार्रवाइयां, राष्ट्रपति पद की शपथ के प्रति बईमानी, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन और हमारे चुनाव की अखंडता के साथ विश्वासघात को दर्शाती है।'' ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बाइडेन के खिलाफ जांच करने की बार-बार अपील करके अपने पद का दुरुपयोग किया। ट्रम्प ने इन आरोपों से इनकार किया है लेकिन व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक फोन कॉल की जानकारी (ट्रान्स्क्रिप्ट) में इस बात की पुष्टि है।उन्होंने आधिकारिक महाभियोग जांच शुरू करने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''वे मेरे पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं। यह सूचना (महाभियोग की जांच का आधार) देखने पर 'मजाक' लगती है।



## सुनवाई पूरी करने 18 अक्टूबर के बाद एक दिन का भी नहीं मिलेगा समय

**» अयोध्या केस पर सीजेआई ने कहा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या भूमि विवाद मामले की सुप्रीम कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है। फिलहाल मुस्लिम पक्ष के वकील अदालत के सामने अपनी दलीलें रख रहे हैं। इस मामले में रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने गुरुवार को बड़ी टिप्पणी की। चीफ जस्टिस ने कहा कि अयोध्या केस में सुनवाई 18 अक्टूबर तक खत्म होनी जरूरी है। अगर सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी नहीं हुई तो फैसला देने का चांस खत्म हो जाएगा। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि सुनवाई पूरी करने की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को अयोध्या केस पर सुनवाई का 32वां दिन है। गुरुवार को जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई तो सबसे पहले चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने इस मामले पर अपनी राय आगे रखी। चीफ जस्टिस ने एक बार फिर इस बात का जिक्र किया कि इस केस की सुनवाई 18 अक्टूबर तक खत्म होना जरूरी है। अगर हमने चार हफ्ते में फैसला दे दिया तो ये एक तरह का चमत्कार होगा।

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि अगर सुनवाई 18 अक्टूबर तक खत्म नहीं हुई तो फैसला देने का चांस खत्म हो जाएगा। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस बोले कि आज का दिन (गुरुवार) को मिलाकर हमारे पास सिर्फ सुनवाई खत्म करने के लिए साढ़े 10 दिन बचे हैं।



आपको बता दें कि इससे पहले भी चीफ जस्टिस रंजन गोगोई इस बात पर टिप्पणी कर चुके हैं कि सभी पक्षों को कोशिश करनी चाहिए कि 18 अक्टूबर तक अयोध्या मामले की सुनवाई पूरी हो सके। इसके बाद क्योंकि सुप्रीम कोर्ट को एक महीने का वक्त इस मसले का फैसला लिखने के लिए चाहिए होगा।

चीफ जस्टिस के इसी बयान के बाद सर्वोच्च अदालत ने इस मामले की सुनवाई का समय बढ़ा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में अब रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद हफ्ते में पांच दिन सुना जा रहा है, साथ ही साथ इस मसले को अदालत रोजाना एक घंटा अधिक सुन रही है।

यानी सुनवाई अब शाम 5 बजे तक सुनवाई की जा रही है। अदालत ने इस मामले में ये भी कहा था कि अगर जरूरत पड़ती है तो अदालत शनिवार को भी सुनवाई कर सकती है।

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई जारी रही और एएसआई की ओर से दलीलें पेश की गईं। अभी तक निर्मोही अखाड़ा, हिंदू महासभा, रामलला, मुस्लिम पक्ष सभी अपनी दलीलें अदालत में पेश कर चुके हैं।